Nai Dunia, 04th April 2017

# आईआईटी-इंदौर 16 से 15वें पर, आईआईएम-इंदौर 10वें पर कायम

## दूसरी बार उच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग जारी

**नई दिल्ली। एजेंसी**

देश के शीर्ष उच्च शिक्षा संस्थानों की इंडिया रैंकिंग में लगातार दूसरी बार बेंगलुरु का भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) सर्वोच्च स्थान पर रहा। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की रैंकिंग-2017 जारी की। इसमें आईआईटी इंदौर की रैंकिंग शीर्ष-100 इंजीनियरिंग संस्थानों में पिछले वर्ष की 16 से सुधर कर 15वीं हो गई। वहीं, आईआईएम इंदौर टॉप-10 प्रबंध संस्थानों में 10वें नंबर पर कायम रहा। इस बार भी मैनेजमेंट संस्थानों में आईआईएम अहमदाबाद शीर्ष पर है तो इंजीनियरिंग संस्थानों में आईआईटी चेन्नई।

**इस बार 6 श्रेणियां**

ओवरऑल, यूनिवर्सिटी, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कॉलेज तथा फॉर्मेसी। 2016 में सिर्फ चार श्रेणियां थीं। इस बार ओवरऑल व कॉलेज श्रेणियां बढ़ाई गई हैं। **(नईदुनिया लाइव भी पढ़ें)**

**10** शीर्ष संस्थानों में से 7 आईआईटी को

**06** नंबर पर जेएनयू दिल्ली बदनामी के बाद भी

## लगातार दूसरी बार आईआईटी, आईआईएम पर राष्ट्रीय विज्ञान संस्थान भारी

**श्रेणी वार ये रहे टॉप पर**

**ओवरऑल और यूनिवर्सिटी** : दोनों श्रेणी में आईआईएससी, बेंगलुरु।
**मैनेजमेंट** : आईआईएम, अहमदाबाद
**इंजीनियरिंग** : आईआईटी, मद्रास।
**कॉलेज** : मिरांडा हाउस, दिल्ली।

**शोध, पेटेंट, जॉब थे मानक**

अध्ययन-अध्यापन व संसाधन, शोध, पेशेवर व्यवहार, छात्र संख्या, पेटेंट, रोजगार जैसे 20 मानकों पर रैंकिंग की गई।

### मप्र के संस्थानों की रैंकिंग

आईआईटी, इंदौर ओवरऑल 100 संस्थानों की सूची में 24 वें नंबर पर।

एमएनआईटी, भोपाल 100 शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में 61वें स्थान पर।

100 मैनेजमेंट संस्थानों में भोपाल का आईआईएफएम 32वें पर।

जबलपुर का आईआईआईटीडीएम 69वें स्थान पर।

ग्वालियर का अटल बिहारी वाजपेयी सूचना तकनीक व प्रबंधन संस्थान 48वां।

### टॉप 10 शिक्षा संस्थान (ओवर ऑल)

1 आईआईएससी बेंगलुरु
2 आईआईटी चेन्नई
3 आईआईटी बॉम्बे
4 आईआईटी खड़गपुर
5 आईआईटी दिल्ली
6 जेएनयू दिल्ली
7 आईआईटी कानपुर
8 आईआईटी गुवाहाटी
9 आईआईटी रुड़की
10 बनारस हिंदू विवि (बीएचयू)